यह जानें कि बाहर कैसे निकलना है

हॉक्सबरी-नेपियन वैली में बाढ़ के समय बाहर निकलने के मार्ग

हॉक्सबरी-नेपियन वैली में बाढ़ बहुत थोड़ी सी चेतावनी के बाद आ सकती हैं। छोड़ कर जाने का आदेश मिलने पर हो सकता है कि बाहर निकलने के लिए आपके पास केवल कुछ ही घंटे हों। आपको तैयार रहने व अपने बाहर निकलने के मार्गों को पहले से ही जान लेना आवश्यक है।

यह जानना कि कब और कैसे छोड़ना है

हॉक्सबरी-नेपियन वैली में विनाशकारी व ख़तरनाक बाढ़ों के आने का लम्बा इतिहास है। अपने आपको, अपने परिवार को व पालतू पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए अपना स्थान छोड़ कर जाने के आदेशों का पालन करना आपके लिए आवश्यक है। आपसे, विशेषरूप से आपके अपने आस-पास के क्षेत्रों में बाढ़ का पानी दिखाई देने से काफ़ी पहले ही छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा। जब एक बार आपको छोड़ कर जाने का आदेश दे दिया गया है तो अपने घर में रुकना और आश्रय लेना सुरक्षित नहीं है।

छोड़ कर जाने के आदेश के बारे में व कौन से रास्ते खुले हैं, इस बारे में जानने के लिए अपने स्थानीय रडियो और ए बी सी रेडियो को सुनें, या NSW SES को फ़ेसबुक पर फ़ॉलो करें, या एनएसडब्ल्यू पुलिस को फ़ेसबुक और ट्विटर पर फ़ॉलो करें।

रास्तों से परिचित हो जाएँ

छोड़ कर जाने के लिए 12 रास्ते तय किए गए हैं जिनसे होकर आप वलेशिया, पेनरिथ-एम्यू प्लेंस, रिचमंड-विंडसर, साउथ व ईस्टर्न क्रीक के बाढ़ के मैदानों से शीघ्रता से व सुरक्षित रूप से बाहर निकल सकते हैं। (तथ्य-पत्र के पीछे के पृष्ठ पर दिए गए नक़्शे को देखें)।

आपको छोड़ कर जाने के लिए एक से अधिक मार्गों की जानकारी होनी चाहिए क्योंकि प्रत्येक बाढ़ अलग प्रकार से आती है और अपना स्थान छोड़ कर जाने के रास्ते बाढ़ के पानी से जगह-जगह पर कट जाएँगे। कुछ रास्ते अपेक्षाकृत छोटी बाढ़ों में बहुत जल्दी कट सकते हैं। उदाहरण के लिए, विंडसर रोड उस बाढ़ में कट गई है जिसकी किसी के 80 साल के जीवन-काल में आने की 98% संभावना थी। (इसे ऐसे भी कहा जाता है कि प्रतिवर्ष की बाढ़ में इसके आने का 20 में से 1 मौक़ा होता है।)

यहाँ तक कि अपेक्षाकृत नए बुनियादी ढाँचे भी बड़ी बाढ़ों से प्रभावित हो सकते हैं। विंडसर का जिम एंडर्सन पुल एक ऐसी बाढ़ में कट सकता है जिसकी आने की किसी के 80 साल के जीवन-काल में 55% संभावना है (इसे ऐसे भी कहा जाता है कि प्रतिवर्ष इसके आने का 100 में से एक मौक़ा होता है)

एक बार जब आप अपने सबसे अच्छे रास्तों को जान जाते हैं तो अपने मित्रों या रिश्तेदारों से उस स्थान की व्यवस्था करने के लिए बात करें जहाँ आपको जाना है। याद रखें, क्योंकि प्रत्येक बाढ़ भिन्न हो सकती है, इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि छोड़ कर जाने के आदेशों के दिए जाने पर उनका पालन अवश्य करें।

संकेत चिह्नों का अनुसरण करें

सारी हॉक्सबरी-नेपियन वैली में बाढ़ के समय छोड़कर जाते समय वाहन चालकों का मार्ग दिखाने के लिए 150 से अधिक नए संकेत चिह्न लगाए गए हैं। अनेक प्रकार के अलग-अलग संकेत चिह्न हैं, जिनमें अनेक ऐसे संकेत चिह्न हैं जिन्हें मोड़ (fold) दिया गया है और उन्हें इस तरह बनाया गया है कि वे बाढ़ की आपात स्थिती होने पर खोल दिए जाएँगे और वे चालकों को अतिरिक्त दिशा-निर्देश देंगे।

बाढ़ के समय क्षेत्रीय स्थलों की बाढ़ से निकल कर सुरक्षित क्षेत्रों में जाने के रास्तों के लिए लोगों को रास्ता दिखाने के लिए संकेत चिह्न।



बाढ़ के समय छोड़कर जाने के लिए रास्ते

हॉक्सबरी-नेपियन वैली